संख्या- 44 /2025/ 3931 /चार-2024-1875036

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 29 जनवरी, 2025**

विषय- वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) को पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 3811/सं0नि0-18(V.R.I. अनुपूरक/ नई मांग)/2024-25 दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) में कर्मचारियों को अवशेष वेतन/ महंगाई भत्ता का भुगतान किये जाने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में लेखाशीर्षक -2205- कला एवं संस्कृति- 101-ललित कला शिक्षा-12-वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) को अनुदान-31-वेतन अनुदान-सामान्य (वेतन) मद में रू0 48.50 लाख (रू0 अड़तालीस लाख पचास हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संलग्न विवरण के अनुसार पुनर्विनियोग के माध्यम से प्रदान करते हुए धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

1. संस्कृति निदेशालय/ वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) द्वारा समस्त औपचारिकतायें एवं वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2. बचत की धनराशि संस्कृति निदेशालय/ वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।
3. जिस मद में पुनर्विर्नियोग किया जा रहा है, उसका सदुपयोग इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा।
4. जिस मद से पुनर्विनियोग किया जा रहा है, उस मद में अतिरिक्त धनराशि की मॉग नहीं की जायेगी।
5. संस्कृति निदेशालय/ वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) द्वारा आवश्यकतानुसार ही व्यय सुनिश्चित किया जायेगा।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण नियमानुसार किया जायेगा। चालू वित्तीय वर्ष में प्राविधानित /स्वीकृत धनराशि का उपयोग हो जाने के पश्चात् ही इस धनराशि का आहरण किया जायेगा/ धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी ।
7. उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि स्वीकृत मदों में व्यय की जायेंगी, अन्य मदों पर व्यय हेतु कदापि उपयोग नहीं की जायेगी। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन धनराशियों का प्रदेशन ही अकेले किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता, व्यय करने के लिए बजट मैनुअल और वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों अथवा अन्य स्थाई आदेशों से शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की, जहॉ आवश्यकता हो, व्यय करने के पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय।

2. उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुदान संख्या- 92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक -2205-कला एवं संस्कृति-101-ललित कला शिक्षा-08-भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ को अनुदान-31-वेतन अनुदान- सामान्य (वेतन) मद से रु0 34.50 लाख तथा लेखाशीर्षक -2205-कला एवं संस्कृति-101-ललित कला शिक्षा -22-लोक एवं जनजातीय कला तथा सांस्कृतिक संस्थान की स्थापना-31-वेतन अनुदान-सामान्य (वेतन) से रू0 14.00 लाख अर्थात् कुल रु0 48.50 लाख (रूपये अड़तालीस लाख पचास हजार मात्र) को संक्रमित कर लेखाशीर्षक -2205- कला एवं संस्कृति- 101-ललित कला शिक्षा-12-वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) को अनुदान-31-वेतन अनुदान-सामान्य (वेतन) मद के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग द्वारा दी गयी सहमति एवं तत्क्रम में आवंटित आर.ई. संख्या- RE-budget-1-304-E-7-239-X-2024-25- दिनांक 27-01-2025 के क्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- निदेशक, वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा)।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

बी एम-9 (भाग - 1)
पुनर्विनियोग के लिए आवेदन / स्वीकृति
(संदर्भ : बजट मैनुअल का प्रस्तर- 158)
A004-20242025-3931- Reapp VRI V

विषय:- वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (मथुरा) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पुनर्विनियोग के माध्यम से अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराने जाने के संबंध में

निम्नलिखित निधियो से प्रस्तावित संक्रमण

,

अनुदान संख्या	लेखाशीर्ष	मानक मद	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध अनुदान / विनियोग	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध बचत	संक्रमित की जाने वाली धनराशि	वित्त विभाग द्वारा संक्रमण हेतु अनुमोदित धनराशि	संक्रमण के पशचात् शेष अनुदान / विनियोग	वित्तीय वर्ष
092	2205001012200 (लोक एवं जनजातीय कला तथा सांस्कृतिक संस्थान की स्थापना)	31 (सहायता अनुदान - सामान्य (वेतन))	20,57,000 रुपये बीस लाख सत्तावन हजार मात्र	14,00,000 रुपये चौदह लाख मात्र	14,00,000 रुपये चौदह लाख मात्र	14,00,000 रुपये चौदह लाख मात्र	6,57,000 रुपये छह लाख सत्तावन हजार मात्र	2024-2025
092	2205001010800 (भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ को अनुदान)	31 (सहायता अनुदान - सामान्य (वेतन))	3,15,69,000 रुपये तीन करोड़ पन्द्रह लाख उनहत्तर हजार मात्र	34,50,000 रुपये चौंतीस लाख पचास हजार मात्र	34,50,000 रुपये चौंतीस लाख पचास हजार मात्र	34,50,000 रुपये चौंतीस लाख पचास हजार मात्र	2,81,19,000 रुपये दो करोड़ इक्यासी लाख उन्नीस हजार मात्र	2024-2025
कुल					₹ 48,50,000	₹ 48,50,000		

निम्नलिखित निधियो मे प्रस्तावित संक्रमण

अनुदान संख्या	लेखाशीर्ष	मानक मद	वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध / विनियोग	संक्रमण हेतु प्रस्तावित धनराशि	वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संक्रमण की धनराशि	संक्रमण के पशचात् उपलब्ध अनुदान / विनियोग	वित्तीय वर्ष
092	2205001011200 (वृन्दावन शोध संस्थान वृन्दावन (मथुरा) को अनुदान-)	31 (सहायता अनुदान - सामान्य (वेतन))	67,07,000 रुपये सड़सठ लाख सात हजार मात्र	48,50,000 रुपये अड़तालीस लाख पचास हजार मात्र	48,50,000 रुपये अड़तालीस लाख पचास हजार मात्र	1,15,57,000 रुपये एक करोड़ पन्द्रह लाख सत्तावन हजार मात्र	2024-2025
कुल				₹ 48,50,000	₹ 48,50,000		

कृपया उपरोक्त प्रस्ताव पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रशासनिक विभाग को अनुमोदन देना चाहे :-
1- उपलब्ध बचत का कारण:- आवश्यकतानुसार व्यय के उपरान्त बचत हो रही है।
2- अनुदान के सापेक्ष अधिक व्यय :- वास्तविक आंकलन के अनुसार अतिरिक्त धनराशि की मांग की जा रही है।
3- प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उ0 प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-150 व 151 में निर्दिष्ट प्रतिबंधों / परिसीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।
संख्या:RE-budget-1-304-E-7-239-X-2024-25-दिनांक:27-01-2025

सेवा में,
महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।

उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव

कुंवर मकरन्द सिंह
संयुक्त सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।
प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (ई-7) अनुभाग/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/3, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in